हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–30 : जौनपुर, मंगलवार 20 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## शिक्षा–आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार के सुझाव पर: संघ द्वारा दिए गये फीडबैक पर भी काम करेगी सरकार

लखनऊ ब्यूरो : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दो दिन तक चली समन्वय बैठक में सामने आई आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक और सुरक्षा के क्षेत्र की जमीनी हकीकत पर सोमवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर सरकार, भाजपा और संघ की समन्वय बैठक में मंथन हुआ। सरकार ने वैचारिक संगठनों से मिले फीडबैक पर विभागवार सुधार का आश्वासन दिया है। वहीं वैचारिक संगठन भी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार के कामकाज और उपलब्धियों को उनसे जुड़े क्षेत्रों के लोगों के बीच रखेंगे। संघ की ओर से रविवार से निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में दो दिवसीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। आर्थिक समूह की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, श्रम मंत्री अनिल राजभर सहित सरकार के मंत्री शामिल हुए। बैठक में सहकार भारती, भारतीय किसान यूनियन, लघु उद्योग भारती सहित अन्य संगठनों ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और संघ के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल कुमार व अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में फीडबैक रखा। वैचारिक संगठनों ने श्रम कानूनों में सुधार का सुझाव देते हुए बताया कि श्रम विभाग के अधिकारी संगठन को बिलकुल सहयोग नहीं करते है। वहीं सहकारिता विभाग की ओर से खाद वितरण सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। सहकार भारती ने पैक्स को बहुपयोगी बनाने का सुझाव दिया। लघु उद्योग स्थापित करने में विभिन्न विभागों की एनओसी नहीं मिलने और जीएसटी से जुड़ी हुई समस्याएं भी रखी गईं। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने आश्वासन दिया कि आर्थिक मामलों से जुड़ी समस्याओं और सुझावों पर वह 15 दिन बाद फिर बात करेंगे। सरकार के स्तर से जो भी समाधान हो सकेगा वह अवश्य किया जाएगा। वहीं शैक्षिक समूह की बैठक में राष्ट्रीय



शैक्षिक महासंघ ने नए शिक्षकों की भर्ती और शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों में हुई गड़बड़ी जैसे मुद्दे उठाए। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालयों से जुड़ी हुई समस्याओं को रखा। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी और बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने इन मुद्दों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। सुरक्षा समूह से जुड़ी बैठक में प्रदेश में कानून व्यवस्था की प्रशंसा की गई। वहीं गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। दो दिन तक चली समन्वय बैठक में सामने आए सुझावों पर सोमवार शाम मुख्यमंत्री के साथ हुई समन्वय बैठक में चर्चा की गई। संघ के पदाधिकारियों ने भी किसानों, श्रमिकों, शिक्षा, उद्योग एवं व्यापार से जुड़े फीडबैक की जानकारी दी। करीब एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में सरकार ने संघ के फीडबैक के आधार पर विभिन्न विभागों के स्तर से उचित समाधान का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने भी सरकार के दूसरे कार्यकाल की छह महीने की उपलब्धियां सहित आगामी योजनाओं को रखा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फीडबैक महत्वपूर्ण सूत्रों के मुताबिक संघ और भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 की जमीनी तैयारियां शुरू कर दी है। संघ वैचारिक संगठनों से मिले फीडबैक के आधार पर कील–कांटे दुरुस्त करना चाहता है। जिससे भाजपा के साथ सरकार की चुनावी राह भी आसान की जा सके।

## आजमगढ़ बिलरियागंज में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता का दिया गया अच्छा संदेश

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत आजमगढ़ जनपद के बिलरियागंज में भाजपा नेता रामपालसिंह, के नेतृत्व में एक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ रहे वही शिव मंदिर, हनुमान मंदिर,पुजा अर्चना किये बिलरियागंज नया चौक के बगल में स्थित पक्के पोखरे पर सांसद निरहुआ ने झाड़ू उठा कर साफ सफाई कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उपस्थित सभी लोगों ने उन के सानिध्य में आस पास क्षेत्र में साफ सफाई किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया । मीडिया से रूबरू होते हुए दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री



श्री नरेंद्र मोदी जी के दिशा निर्देशन में देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और अपने आस पास क्षेत्र का स्वच्छ रखना हम लोगों का कर्तव्य है जिसे भली–भांति हम लोगों को साफ सफाई का ध्यान देना चाहिए । इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश यादव , उमेश गौड़, महा प्रधान रामपाल सिंह दिलीप गुप्ता दयाशंकर यादव दुर्गा गुप्ता सूर्य प्रकाश गुप्ता चंद्रपाल सिंह चेयरमैन वीरेंद्र विश्वकर्मा सुशील गुप्ता सुनील गुप्ता आनंद गुप्ता साधु सोनकर अशोक गुप्ता सरवन मोदनवाल सूर्यभान सोनकर राम भुज गुप्ता नगर पंचायत सफाई कर्मी पुलिस प्रशासन थाना बिलरियागंज सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा विभागवार डिफॉल्टर एवं नेगेटिव फीडबैक के प्रकरणों की समीक्षा की। जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा आईजीआरएस प्रकरणों को गंभीरता से न लेने व नेगेटिव फीडबैक प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश और जिन जिन विभागों के निगेटिव फीडबैक आये है सबका स्पस्टीकरण देने का निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतो के निस्तारण के दौरान स्थलीय सत्यापन करते हुए शिकायतकर्ता से वार्ता की जाए और उन्हें संतुष्ट किया जाए। सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लेखपालों व प्रधानों की प्रतिदिन समीक्षा की जाये। विभागीय



कार्यवाही लम्बे समय से पेडिंग न रहे। लेखपालों को सचिवालय में रोस्टर के हिसाब से बैठाना सुनिश्चित करें। सरकारी जमीन के कब्जे अभियान चलाकर खाली कराया जाये। आबादी का सर्वे 02 अक्टूबर 2022 तक लक्ष्य के अनुरुप कराना सुनिश्चित करें। भुलेख अभिलेख अंकन आनलाइन अपलोड कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आत्महत्या समाधान नहीं अनेक समस्याओं की जननी है –डॉ उत्तम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाज में आए दिन आत्महत्या दिन आत्महत्या की खबरें सुनने को मिलती रहती है आखिर इन आत्महत्याओं के पीछे क्या कारण है इसको लेकर वर्ल्ड सुसाइड प्रीवेंशन डे पर मंगल क्लीनिक पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉक्टर उत्तम कुमार गुप्ता ने सुसाइड के कारण उनका बचाव कैसे किया जाए उसके बारे में विस्तार पूर्वक बताया। आत्महत्या करने के कारण 1.कार्य के दबाव के कारण चिंता 2. दूसरों के द्वारा निंदा किए जाने पर 3. उच्च स्थान की प्राप्ति के लिए दबाव 4. शारीरिक परेशानियों से परेशान व्यक्ति 5. घरेलू हिंसा 6. मादक पदार्थों का सेवन करना आदि बहुत से कारण ध्आत्महत्या करने के लक्षण 1. बार–बार मरने की इच्छा व्यक्त करना 2. नकारात्मक विचार आना और यह कहना जी कर क्या करूंगी 3. दोष की भावना व्यक्त करना 4. मेरी समस्या का कोई समाधान नहीं है ना कोई मेरी सहायता करने वाला है 5. मित्रों व परिवार से दूरी बनाना 6. अपनी क्षमता पर शक करना इस तरह के विचार व्यक्त करने वाले व्यक्ति आत्महत्या करने की तरफ संकेत देते हैं यदि ऐसे लक्षण किसी व्यक्ति में दिखाई दे तो तीन सवाल जरूर पूछें 1. आप आत्महत्या कब करेंगे–यदि व्यक्ति ऐसा समय बताएं जिस समय आस पास कोई ना हो तो उसके द्वारा आत्महत्या करने की संभावना अधिक होती है और यदि वह कहे कि जब समय आएगा तब देखा जाएगा तो इसका मतलब है ऐसा व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने की संभावना कम है। 2. कैसे करेंगे–यदि



स्पष्ट साधनों का उल्लेख करें जैसे गोली मार लूंगा फांसी कर लूंगा रेल से कट जाऊंगा आदि और यह साधन आसानी से उपलब्ध है तो समझना चाहिए की संभावना बहुत अधिक है। 3. आप आत्महत्या क्यों करना चाहते हैं–यदि उसमें तीन भावना दिखाई दे निराशा जीवन की मूल्य हिंसा और सहायता का कोई आसरा न दिखे तो उसे आत्महत्या का जोखिम बहुत ज्यादा है। ऐसी स्थिति में तुरंत विशेषज्ञों की राय लेनी चाहिए। आत्महत्या का प्रबंधन 1. व्यर्थ की चिंताओं से दूर रहने के बारे में सूचना 2. वास्तविकता को स्वीकार करना 3. अपनी क्षमताओं का सही आकलन करके उसी के अनुरूप अपने लक्ष्य का निर्धारण करना 4.रूचि वह शौक के लिए भी पर्याप्त समय एवं संसाधन उपलब्ध कराना 5. सकारात्मक सोचना 6. अपने पर विश्वास रखना 7. दूसरों का तथा दूसरे के विचारों का सम्मान करना 8. कार्यों को योजना एवं समय से करने का प्रयास करना। 9. नियमित योग एवं ध्यान करना 10. जो भी बातें आपको परेशान कर रही हो उसे अपने मित्र परिवार में सदस्यों के साथ साझा करना। हम सब को यह सीखना चाहिए कि कोई भी काम असंभव नहीं है जो भी ईमानदारी से धैयपूर्वक करेगे तभी कार्य संभव हो पाएंगे जिससे हमारा प्रेशर कम होगा और हम आत्महत्या के विचारों से लोगों को बचा पाएंगे व खुद भी बच पाएंगे। इस अवसर पर क्लीनिक के मैनेजर शशि पांडे व क्लीनिक के सभी स्टाफ सनी उपाध्याय, दीपक, अजय, त्रिलोकी, रमाकांत यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री जी के विराट व्यक्तित्व से मिलती है प्रेरणा – केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत 17 सितम्बर 2022 को सूचना विभाग द्वारा विकास भवन में मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री, भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी जी द्वारा अवलोकन किया गया।मा0 मंत्री जी द्वारा प्राथमिक विद्यालय मियांपुर, जनक कुमारी इंटर कालेज की छात्र–छात्राओं मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व से संबंधित प्रदर्शनी के सम्बन्ध में संवाद स्थापित किया गया और छात्र–छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वर्तमान समय कोई काम मुश्किल नही है आप सभी मन लगाकर पठन–पाठन करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करते करे। प्रा0 विद्यालय के बच्चों से विद्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त की और बच्चों ने बताया कि समय से कक्षा प्रारम्भ होती है और यूनिफार्म इत्यादि का विरतण कर दिया गया है, मध्यान भोजन प्रतिदिन के मीनू के अनुसार दिया जाता है। उन्होंने बच्चों को निर्देशित किया कि मा0 प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व से सीखे और परिश्रम करें। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय द्वारा मा0 राज्यमंत्री जी व अन्य लोगो को प्रधानमंत्री जी के जीवन पर



लिखी गयी पुस्तक को वितरित किया गया। आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के बचपन से लेकर अब तक के जीवन संघर्षों एवं देश के प्रति अभूतपूर्व योगदान यथा – बचपन की पाठशाला से, कर्म के प्रति समर्पण, देशभक्ति की शक्ति, किताबों के समन्दर के गोताखोर, गुजरात के अभूतपूर्व विकास, अनुपम परिणाम, जनप्रिय, लोकप्रिय, सर्वप्रिय राजनेता, साफ नीयत सही विकास, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, सदैव जनता के साथ, हर गरीब के सिर पर हो अपनी छत, नारी शक्ति से देश की तरक्की, दिव्यांगजनों के साथ, स्वच्छ भारत मिशन, किसान समृद्ध भारत समृद्ध, स्टार्ट–अप इण्डिया, युवाओं को रोजगार, मेक इन इण्डिया, महामारी के दौरान सुधारों का दौर, प्रधानमंत्री जन आरोग्य, स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष, कुशल नेतृत्व का आधार, टीकाकरण में वैश्विक स्तर पर बनाये कीर्तिमान, रक्षाबलों का कायाकल्प, शिक्षा का एक नया अध्याय, जनजातीय सशक्तिकरण, अक्षय ऊर्जा का विस्तार, आतंकवाद को मुहतोड़ जवाब, भारतीय संस्कृति का दर्शन, विरासत और संरक्षण, दिव्य राम मंदिर का भव्य शिलान्यास, काशी का कायाकल्प, दुनिया योग पथ पर, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि आदि के बारे में चित्रों के माध्यम से बताया गया, जिनका आमजनमानस ने अवलोकन किया। इस अवसर पर सूचना विभाग द्वारा जनपदवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन करें, साथ ही अन्य लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करें।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर वितरित किया गया पुष्टाहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आंगनवाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले बच्चों के लिए बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जाने वाला पुष्टाहार नगर के हरखपुर वार्ड में सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा डीपीओ डॉ राम बदन सिंह के दिशा निर्देश में क्षेत्रीय मुख्य सेविका अनीता यादव के द्वारा राशन वितरण कराया गया। इस दौरान 3 माह का राशन वितरण किया गया। जिसमें दलिया रिफाइंड चने की दाल व अन्य सामग्री वितरित किया गया। इसी क्रम में जहागीराबाद में आंगनवाड़ी केंद्र पडाने में सुपरवाइजर शांति देवी के देखरेख में आंगनवाड़ी नीलम गुप्ता व सहायिका



गुलशन जहां द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें पुष्टाहार वितरित किया गया। पुष्टाहार में गर्भवती महिलाओं के लिए दिए जाने वाला पौष्टिक आहार दिया गया लगभग एक दर्जन महिलाओं की गोद भराई करते हुए उनके बच्चे को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुष्टाहार दिया गया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश लखनऊ नगर महापालिका कर्मचारी संघ द्वारा राष्ट्रीय




श्रमिक दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन नगर निगम लालबाग में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उपस्थित रहे दोनों मुख्य अतिथियों द्वारा इस संगोष्ठी में श्रमिकों के उत्थान के लिए चर्चा हुई। इस संगोष्ठी में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी समस्त यूनीयनों के अध्यक्ष और पदाधिकारी राजू बाल्मीकि, जगदीश अटल व अन्य उपस्थित रहे।

## आगामी त्याहारों को लेकर डीएम एसपी ने लिया बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारियो के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दुर्गा पूजा के दौरान सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध नहीं किए जाएंगे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को



निर्देशित किया कि पंडालों में विद्युत सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं व जहां पर आवश्यक हो ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तार बदल दिए जाएं। अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि शहर की सभी सड़कों का सर्वे करा ले और कहीं गड्ढा हो तो तत्काल भरवाना सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्र के धर्म गुरुओं के साथ बैठक अनिवार्य रूप से कर ले। सभी उप जिलाधिकारियो व क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने तहसीलों में ही रात्रि विश्राम करना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। मादक पदार्थों के बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध स्टैंड पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि पुलिस विभाग के द्वारा सभी प्रकार की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। एंटी रोमियो स्क्वायड एक्टिव रहे। महिलाओं पर होने वाले दुर्घटनाओं के संबंध में तुरंत अवगत कराया जाए। ग्रामीण चौकीदारों को एक्टिव कर उनसे सूचनाएं ली जाए। पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। थानों में रंजिश रजिस्टर बने और विशेष निगरानी रखी जाए। सभी क्षेत्राधिकारी एससी, एसटी अपराधों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करें, कहीं से भी गोकशी की शिकायत न आने पाए। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि समय–समय पर निराश्रित गो–आश्रय स्थलों का भी निरीक्षण किया जाए। पेशेवर अपराधियों की हिस्ट्रीशीटर खोली जाए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर नगरीय क्षेत्रों में साफ–सफाई एवं जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई करवाना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राम प्रकाश को निर्देशित किया कि दोहरे की बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# सम्पादकीय

## वियतनाम अफगानिस्तान और यूक्रेन

विदेश मंत्री एस जयशंकर कभी रसगोत्रा के शिष्य रहे हैं। वास्तव में रसगोत्रा अपने–आप में जीवित संस्था हैं, जिन्होंने भारतीय राजनयिकों की अनेक पीढ़ियों को प्रेरित किया है। इन पंक्तियों के लेखक ने 1980 के दशक में लंदन में भारतीय उच्चायोग में उनके साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखा।

राजनयिक महाराज कृष्ण रसगोत्रा ने किसी भी अन्य भारतीय राजनयिक की तुलना में कहीं अधिक भारतीय तथा ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों और अमेरिकी राष्ट्रपतियों को देखा है। पिछले हफ्ते ही उन्होंने अपने जीवन के 98 वर्ष पूरे किए हैं, लेकिन अब भी उनकी स्मृति तीक्ष्ण है, उनमें जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों की गहरी समझ है और वह उनका सूक्ष्मता से विश्लेषण करते हैं। अपनी बेबाक राय रखने से वह नहीं हिचकते।

15 सितंबर को इंडो–अमेरिकन फ्रैंडशिप एसोसिएशन (आईएएफए) के दिल्ली में हुए सम्मेलन में उन्होंने जोर देकर कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से दुनिया पर एक निष्पक्ष नजर यह संकेत देगी कि जब भी कोई बड़ी शक्ति किसी छोटे से देश पर आक्रमण करती है, जिसके लोग पूरी तरह से स्वतंत्र हैंय जो इसे प्यार करते हैं, इस पर गर्व करते हैं और इसके लिए मरने को तैयार रहते हैं, तो अंततः उसे हार का सामना कर पीछे हटने को मजबूर होना पड़ता है।

उन्होंने 1965 में वियतनाम पर अमेरिकी हमले का उदाहरण दिया, जो कि छोटा–सा देश था और आर्थिक या सैन्य मामलों में अमेरिका से उसकी कोई बराबरी नहीं थी। लेकिन उसने अमेरिकी सैनिकों को ताबूत में वापस भेज दिया, जिनकी स्मृति में 57,939 सैनिकों के नाम के साथ वाशिंगटन में वियतनाम वेटरन वॉर मेमोरियल है। अत्यंत पीड़ादायक वियतनाम युद्ध ने अमेरिकी समाज को इस कदर विभाजित कर दिया, जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

मानव क्षति का अंबार लग गया। अंततः अमेरिका को बेहद अपमानजनक ढंग से 1975 में वापसी करनी पड़ी। सैगान स्थित अमेरिकी दूतावास की छत से हेलीकॉप्टरों के जरिये अमेरिकी अधिकारियों के आखिरी दस्ते की वापसी की तस्वीरें आज भी अमेरिकियों को परेशान कर देती हैं। इस पराजय से कोई सबक न लेते हुए अमेरिका ने 11 सितंबर, 2001 को न्यूयॉर्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के ट्विन टावर पर हुए आतंकी हमले के बाद अक्तूबर 2001 में अफगानिस्तान पर हमला कर दिया और तालिबान सरकार को उखाड़ फेंका तथा उसके अनेक नेताओं को गुआंतानामो बे में कैद कर लिया।

बीस साल के दौरान करीब बीस खरब डॉलर खर्च करने और करीब चार हजार सैनिकों की जान गंवाने के बाद उसे बेहद अपमानजनक परिस्थितियों में वहां से वापसी करनी पड़ी, जबकि अनेक यूरोपीय देशों का उसे समर्थन हासिल था। 30 अगस्त, 2021 को काबुल स्थित उसके दूतावास की छत से उसके अधिकारियों ने हेलीकॉप्टरों में सवार होकर वापसी की उड़ान भरी थी। दो बड़ी शक्तियों के साथ भी यही हुआ।

चीन ने फरवरी, 1979 में वियतनाम पर हमला किया था, लेकिन नौ दिनों के भीतर ही उसे कड़ी चुनौती मिली और लहूलुहान होकर मार्च, 1979 में उसे वापसी करनी पड़ी। इसी तरह से सोवियत संघ ने दिसंबर, 1979 में अफगानिस्तान पर हमला किया। 15,000 से अधिक फौजियों की मौत के बाद उसे अंततः 1988 में पराजय के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने पड़े और 1989 में अफगानिस्तान से वापसी करनी पड़ी।

उन्होंने महसूस किया कि हाल के हफ्तों में रूस को यूक्रेन से गंभीर नुकसान हुआ है, जो अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों द्वारा उन्नत हथियारों से लैस है और उसके बहादुर सैनिक निडर होकर लड़ रहे हैं और हमलावर दुश्मन को हराने के लिए दृढ़ हैं। रसगोत्रा के अनुसार, यूक्रेन संकट अगले छह महीनों में खत्म हो जाना चाहिए। उन्होंने महसूस किया कि भारत, जिसके रूस और यूक्रेन दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं और जिसने अब तक किसी का पक्ष नहीं लिया है, मध्यस्थता करने और रूस की सम्मानजनक वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है।

रसगोत्रा ने भविष्यवाणी की है कि असीमित दोस्ती की हालिया घोषणाओं के बावजूद, अगले 25 वर्षों में चीन और रूस के बीच विशेष रूप से दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच एक टकराव की आशंका है। राजनयिक रसगोत्रा के मुताबिक हालांकि भारत अपनी रक्षा खरीद और तेल तथा गैस की आपूर्ति के लिए रूस पर बहुत अधिक निर्भर करता है, लेकिन पचास खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत के अमेरिका के साथ निकटतम संभावित संबंध होने चाहिए।

उन्हें लगता है कि चीन की अर्थव्यवस्था गंभीर रूप से गिरावट की ओर हैय दुनिया के अधिकांश देशों ने जहां कोविड महामारी का सामना किया, वहीं चीन में इसकी वजह से बहुत सख्त लॉकडाउन लगाने पड़े। रसगोत्रा के विचार में, चीन के बीआरआई ने पाकिस्तान और श्रीलंका की अर्थव्यवस्थाओं को नष्ट कर दिया है और भारत की सहायता के कारण बांग्लादेश इस तबाही से बच गया है।

उन्होंने महसूस किया कि पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए 'नेबर्स फर्स्ट' (पड़ोसी पहले) एक अच्छी अवधारणा है, लेकिन इसमें किसी तरह की प्रगति नहीं हुई है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति की सराहना की, जिन्होंने इस तथ्य के बावजूद भारत को अमेरिका के सबसे करीब ला दिया है कि इसने उन्हें 10 साल के लिए वीजा से वंचित कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपतियों और अन्य विश्व नेताओं के साथ व्यक्तिगत केमिस्ट्री विकसित करने की उनकी क्षमता को भी उन्होंने सराहा। उन्होंने वर्तमान विदेश मंत्री की प्रशंसा की। विदेश मंत्री एस जयशंकर कभी रसगोत्रा के शिष्य रहे हैं। वास्तव में रसगोत्रा अपने–आप में जीवित संस्था हैं, जिन्होंने भारतीय राजनयिकों की अनेक पीढ़ियों को प्रेरित किया है। इन पंक्तियों के लेखक ने 1980 के दशक में लंदन में भारतीय उच्चायोग में उनके साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखा।

रसगोत्रा से यह सीखने को मिला कि कूटनीति केवल ग्राफ्स, आंकड़ों और कुछ बिंदुओं के साथ मसौदा तैयार करना भर नहीं होती, बल्कि यह शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच का प्रयास करने, सत्ता के उत्तोलकों को इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उनसे संपर्क बनाने, निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करने वालों, सांसदों, कारोबारी हितों, शिक्षाविदों, मीडिया और प्रभावी प्रवासी भारतीयों के नेताओं के साथ सेतु बनाने से जुड़ी होती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## डीएम ने बीएसए कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

रिपोर्ट– उमाकान्त श्रीवास्तव शाहजहांपुर : बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अनाधिकृत रूप से मौजूद रिटायर्ड कर्मचारी अली हसन को पटल पर मौजूद देखकर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये चेतावनी दी कि कार्यालय कार्यो में हस्तक्षेप करते पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि कार्यालय में तैनात कार्मिको के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति अनाधिकृत रूप से न रहे।उन्होंने यह निर्देश भी दिये कि सभी पटलों पर तैनात कार्मिकों के नाम व पद नाम भी अंकित कराये जायें। कार्यालय में व्याप्त गंदगी एवं अव्यवस्था को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि सभी दस्तावेजों का रखरखाव ठीक कराया जाये तथा शासनादेश की व्यवस्था के अनुसार निष्प्रयोज्य रिकार्ड एवं वस्तुओं को तत्काल नियमानुसार वीड आउट कराया जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी रिकार्डो को व्यवस्थित करते हुये 03 दिन के भीतर आख्या उपलब्ध करायी जाये। साथ ही उन्होंने पुरानी अलमारियों की पेन्टिंग एवं साफ–सफाई कराने का कार्य एवं रिकार्ड को खराब होने से बचाने के लिये आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पुराने रिकार्ड में फिनायल की गोलियां डलवाये जाने हेतु भी निर्देशित किया। कार्यालय की सफाई सुनिश्चित करने के विशेष निर्देश दिये। आधार सीडिंग के डाटा कलेक्शन एवं ड्रेस की राशि वितरण में लापरवाही पर



सामुदायिक सहभागिता के जिला समन्वयक निशांत सिंह का स्पष्टीकरण तलब करने हेतु निर्देशित किया। अलमारियों पर रखी फाईलों पर अत्याधिक धूल जमा होने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुदंर लाल को कड़ी फटकार लगाते हुये कार्य में सुधार करने हेतु सख्त निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जिला समन्वयक से आख्या तलब की साथ ही वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न पटलों के साथ रिकार्ड रूम का भी निरीक्षण किया।उन्होंने सीढ़ियों पर गंदगी देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं चेतावनी देते हुये कहा कि सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाये एवं सभी कर्मचारी एवं अधिकारी समय से कार्यालय में उपस्थित हो। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करें, नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें तथा अनुपस्थित पाये जाने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।

## कंपोजिट विद्यालय के बच्चों ने जिलाधिकारी शाहजहाँपुर को निरीक्षण में दिए सही उत्तर

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो शाहजहाँपुर : जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने कम्पोजिट विद्यालय सरायकाईयां का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कड़े निर्देश दिये कि विद्यालय किसी भी दशा में निर्धारित समय से पूर्व बन्द नही होना चाहिए। उन्होने कहा कि सभी बच्चे निर्धारित ड्रेस पहन कर प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित हो तथा पाठ्यक्रम के अनुरूप शिक्षण कार्य कराया जाये। उन्होने बच्चो से पहाड़े सुने तथा विभिन्न विषयो से सम्बन्धित प्रश्न भी पूछे जिनका बच्चो ने सही उत्तर दिया। जिलाधिकारी ने शिक्षको को प्रेरित किया कि बच्चो को सभी विषयों की जानकारी दें तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बनाए जा रहे स्मार्ट क्लास को भी देखा तथा विद्यालय मे स्थापित पुस्तकालय कक्ष में विभिन्न विषयों की पुस्तकों को भी देखा उन्होने बच्चो को प्रेरित करते हुये कहा कि पाठ्यक्रम के साथ–साथ अन्य ज्ञान वर्धक पुस्तकों



का नियमित अध्ययन सर्वागींण विकास के लिये अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय परिसर में स्थित गांधी जूनियर हाई स्कूल की जर्जर एवं परित्यक्त भवन को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराने हेतु निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जर्जर भवन को ध्वस्त कराने के बाद इस जगह का सौन्दर्यीकरण कराये जाने का निर्देश दिया।

## कीटनाशक दवा विक्रेता के कैश मेमो न देने पर किसान करें शिकायत : संजय कुमार

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रायः निरीक्षण / छापे के दौरान कीटनाशक विक्रेताओं के दुकान / फर्म पर कई कमियां प्रकाश में आती है। कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा कृषकों को कीटनाशी रसायन विक्रय के समय कैश मैमो / क्रेडिट मैमो / पक्की रसीद जारी किया जाना अनिवार्य है, जिसमें कीटनाशी रसायन का नाम , बैच संख्या , निर्माण तिथि , अवसान तिथि एवं विक्रय मूल्य अंकित हो, अवश्य ही उपलब्ध करायें। किसान भाइयों को फसलों में रसायन के प्रयोग के बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराना सभी कीटनाशक विक्रेताओं का कर्तव्य है। साथ ही समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि, स्टॉक पंजिका , भण्डार पंजिका , रेट बोर्ड , बिक्री रजिस्टर एवं कैश मैमो पूर्ण कर अपने दुकान पर रखें । जिससे निरीक्षण के दौरान उसको देखा जा सके। तथा सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि किसी भी कीटनाशक रसायन की खरीद पर कैश मैमों अवश्य दुकानदार से प्राप्त करें। तथा कैश मैमो न देने पर विकास भवन स्थित कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी से सम्पर्क करें । उन्होंने जनपद के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देशित करते हुये कहा है कि, कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशक नियमावली 1971 के नियम निर्देशों का पालन करते हुए ही व्यापार करें। अन्यथा की दशा में निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर आपके विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। जिसके लिये विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगें। इसके उपरान्त भी अगर निरीक्षण / जांच के दौरान कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो, उसके विरूद्ध कीटनाशक अधिनियम के अन्तर्गत कीटनाशी लाइसेंस निलम्बन / निरस्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही रसायनों को सीज कर मुकदमें की कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगें । इसके साथ ही उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि, समस्त कीटनाशी विक्रेता प्रारूप अनुसार सूचना अपने प्रतिष्ठान के लाइसेंस के साथ–साथ अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगें।

## 30 सितम्बर तक "आयुष्मान पखवाड़ा" के दौरान पात्र व्यक्तियों का बनाया जा रहा है आयुष्मान कार्ड

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में प्रभारी सहायक श्रमायुक्त अलंकृता उपाध्याय ने अवगत कराया है कि 15 से 30 सितम्बर, 2022 तक "आयुष्मान पखवाड़ा" के दौरान विशेष अभियान चलाकर शत–प्रतिशत पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से 56125 पात्र श्रमिकों की सूची प्राप्त हुई है। विगत तक 13000 पात्र श्रमिकों के गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर समस्त जनसुविधा केन्द्र, आरोग्य मित्र एवं पंचायत सहायकों आदि के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाये जा रहे हैं। गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिये आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड आवश्यक अभिलेख है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक बन्धुओं से अपील है कि उक्त अभिलखों सहित अपने निकटतम जनसुविधा केन्द्रों/पंचायत भवन पर सम्पर्क कर अपना गोल्डन कार्ड अवश्य बनवा लें। आयुष्मान कार्ड श्रमिकों व उनके परिजनों को अस्पताल में प्रति वर्ष 05 लाख रूपये तक निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान करता है। इस सम्बन्ध में किसी जानकारी हेतु मोबाइल नं0–7355167402, 6394919087 पर तथा कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, रूद्र नगर सुलतानपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

## डा फरजाना संभालेंगी उत्तर प्रदेश में रोटरी लिटरेसी मिशन की कमान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन एवं रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के तत्वधान में आगामी 24 एवं 25 सितंबर 2022 को कोलकाता के होटल रेडिसन में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नई शिक्षा निति के अंतर्गत भारत के 5 करोड़ से ज्यादा अशिक्षित वयस्कों को शिक्षित करने कि योजना पर चर्चा होगी। इस मौके पर देशभर के सभी राज्यों के प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के केंद्र समिति के पदाधिकारी इस कार्यशाला में भाग लेंगे। इसका नेतृत्व मुख्य रूप से रोटरी वर्ल्ड के अध्यक्ष 2021–22 रोटेरियन शेखर मेहता एवं प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन होगा जिसमें देश भर के 200000 से ज्यादा एसोसिएशन से जुड़े निजी विद्यालयों में पढ़ रहे छठी से ऊपर तक के छात्र–छात्राएं 3 माह के भीतर अपने परिवार एवं आसपास के अशिक्षित वयस्को को पढ़ाने का काम करेंगे एसोसिएशन एवं रोटरी के द्वारा उन छात्रों को



पढ़ाने के लिए सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा और जो वयस्क शिक्षा लेंगे उनको भी शिक्षित होने का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस कार्यशाला में प्राइवेट स्कूल और चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष कृति पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करेंगी। इस कार्यशाला के बाद अगले महीने इसका राष्ट्रीय स्तर पर औपचारिक उद्घाटन करने हेतु भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया जाएगा।डा फरजाना ने राष्ट्रीय सलाहकार होने हेतु एसोसिएशन और रोटरी की इस सराहनीय पहल में अपने पूर्ण योगदान का आश्वासन दिया।

## महिलाओं को सशक्त बनने के लिए स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत–अजय बाजपेई

हरदोई ( अम्बरीष कुमार सक्सेना) पिहानी जहानीखेड़ा मार्ग पर एक निजी महिला अस्पताल का शुभारंभ भाजपा नेता अजय बाजपेई भुल्लन ने फीता काटकर किया। विशेष आमंत्रित विशिष्ट अतिथि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष अतुल कपूर ,वरिष्ठ पत्रकार राजन शुक्ला व ब्लाक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई की मौजूदगी में मुख्य अतिथि अजय बाजपेई ने कहा कि महिलाएं घर का पूरा कामकाज संभालती हैं, लेकिन जब अपने स्वास्थ्य की बारी आती है तो वह लापरवाह हो जाती हैं। इसका नतीजा यह होता है कि कोई न कोई बीमारी उन्हें घेर लेती है। महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है। महिला अस्पताल खुलने से महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेई ने कहा कहा कि स्वस्थ समाज के लिए महिलाओं का स्वस्थ व शिक्षित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं के बीच एक निष्क्रिय जीवन शैली



और गलत आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। ने कहा कि जब हम स्वस्थ और संतुलित होते हैं, तो हम अपने सपनों को पूरा करने के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में सक्षम होते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम और पौष्टिक आहार लेने से शरीर को लंबे समय तक निरोग रख सकते हैं। इस मौके पर यूसुफ जफर, धीरज गुप्ता, मुमताज अंसारी ,मुजाबिर हुसैन जैदी आदि लोग मौजूद रहे।

## सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद भी हरपालपुर नगर पंचायत के गठन की देख रहा राह–समाजसेवी

हरदोई ( अम्बरीष कुमार सक्सेना) : हरदोई ट्रीट गार्डन में आयोजित प्रेस वार्ता में अधिवक्ता एवं समाजसेवी अवनिकान्त बाजपेई, राजवर्धन सिंह राजू, राम प्रताप यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश शासन जहां एक ओर नगर निगमों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों को नवसृजित करके सीमा विस्तार को हरी झंडी दे रहा है और जनपद हरदोई में भी हरदोई, शाहाबाद, पाली की नगरपालिकाओं को सीमा विस्तार की मंजूरी दे रहा है वहीं शासन की गलत नीतियों और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा और नाकारापन के कारण वर्ष 2008 से प्रस्तावित और शासन स्तर पर विचाराधीन पंचनद क्षेत्र का विकासशील कस्बा हरपालपुर सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद भी नगर पंचायत के गठन की अभी राह देख रहा है। कहा, पंचनद कटरी क्षेत्र का सबसे विकासशील कस्बा हरपालपुर जो कि कटरा बिल्हौर हाईवे पर स्थित है और जिसकी सीमाएं ग्राम सतौथा, मलौथा, ककरा, पलिया, मिघौली आदि गांवो से बिल्कुल आपस में मिली हुई हैं। और ये लगभग 4 किलोमीटर की परिधि में फैला है तथा यहां से अंतरराज्यीय बसों का आवागमन होने के साथ–साथ ब्लॉक मुख्यालय, थाना मुख्यालय, 30 शैया वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, विद्युत उप केंद्र ,बाल विकास परियोजना कार्यालय, खंड शिक्षा कार्यालय, डाकघर, 6 बैंक शाखाएं, एक



महाविद्यालय, 6 इंटर कॉलेज, एक कोल्ड स्टोर, 4 डीजल व पेट्रोल पंप, पशु बाजार, गेस्ट हाउस एवं मैरिज लॉन के अतिरिक्त प्रमुख व्यावसायिक बाजार भी स्थापित, संचालित हैं। श्री वाजपेई ने कहा कि इतना ही नहीं फर्रुखाबाद, कन्नौज, गुरसहायगंज, अल्लागंज शाहाबाद, सांडी के मध्य कोई भी सर्वाधिक विकासशील कस्बा है तो वह हरपालपुर ही है और पंचनद क्षेत्र का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र भी है। पत्रकार वार्ता में उपस्थित समाजसेवियों ने कहा कि वह इस मुद्दे पर अब खामोश नहीं बैठेंगे जन जागरण अभियान चलाएंगे। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों से संपर्क करके 28 सितंबर, बुधवार को हरपालपुर कस्बे से सर्वदलीय संघर्ष का शंखनाद करेंगे। कहा, सभी औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाबजूद शासन में विचाराधीन हरपालपुर कस्बे को नगर पंचायत की स्वीकृति तथा तहसील मुख्यालय सवायजपुर को नगर पंचायत का दर्जा हेतु अधिसूचना जारी होने तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

## "सेवा पखवाड़ा" अन्तर्गत प्रधानमंत्री पर आधारित प्रदर्शिनी का विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया अवलोकन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर "सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत सूचना विभाग द्वारा उनके व्यक्तित्व/कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी पं0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में लगायी गयी है, जिसका शुभारम्भ जिला प्रशासन/जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया था। उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं तथा जन सामान्य द्वारा किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री के बचपन से लेकर देश के प्रधानमंत्री बनने तक के सफर और नेतृत्व में मिली ऐतिहासिक उपलब्धियों को चित्र के माध्यम से दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी 23 सितम्बर तक जनपद वासियों के अवलोकन हेतु लगी रहेगी। उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन सलीम हायर सेकेण्ड्री स्कूल खैराबाद , रामकली बालिका इण्टर कालेज, श्री गुरूनानक उच्च



माध्यमिक विद्यालय, राजकीय इण्टर कालेज सुलतानपुर। रामराजी बालिका इण्टर कालेज । सनबीम स्कूल सहित अन्य विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं व छात्र/छात्राओं द्वारा किया गया। सूचना विभाग द्वारा प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित कुछ पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी धीरेन्द्र कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक (परिवार सहित) राम जियावन मौर्या द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ प्रदर्शनी का अवलोन किया गया।

# भाजपा जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सिंह राजपूत के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सेवा पखवाड़ा के उपलक्ष में आज शाहबाद नगर स्थित दो मंदिरों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। बाबा टेढेश्वर नाथ मंदिर एवं बाबा वनखंडी नाथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सत्येन्द्र कुमार राजपूत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता आर्य, भाजपा ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष शाहाबाद दीपकमल राठौर,ओबीसी मोर्चा नगर महामंत्री राजीव कुमार सोनी, ओबीसी मोर्चा नगर उपाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव, भाजपा सभासद विनोद राठौर, भाजपा सभासद अमित मिश्र, चित्र गुप्ता सेवा धाम के अनुराग श्रीवास्तव, मोहित कपूर,राजशेखर राठौर, कौशल राठौर, नीरज, राहुल कुमार, संजय अग्निहोत्री, अनूप रस्तोगी,राजीव राठौर, विक्रम राठौर, राहुल मिश्र, धीरज कुमार सोम गुप्ता, रागी आदि लोग उपस्थित रहे। उधर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आज शाहबाद नगर स्थित संकटा माता मंदिर परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी युवामोर्चा शाहाबाद



के संयोजन में हुआ। जिसमें शाहाबाद ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, नगर महामन्त्री राहुल देव शुक्ल , अध्यक्ष दौलत राम राठौर, प्रिंस , जितेंद्र , अभिषेक मौर्य , आकाश तिवारी , शेर सिंह , देवेश त्रिवेदी , राम मिलन यादव आदि कई कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। मो० कटरा (वार्ड 17) में स्थित ऊँ नमः शिवाय मंदिर की सफाई–धुलाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया,जिसमें मुख्यरूप से जिलाउपाध्यक्ष भाजयूमो आकाश मिश्रा जी रहे। इस अवसर अमित मिश्रा ,राजीव राठौर,दौलतराम राठौर,अजीत सैनी ,अभिजीत गुप्ता ,प्रिन्स मौर्य एवं कई लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने राजस्व अभिलेखागार में अभिलेखों की सुरक्षा एवं अग्निशमन की व्यवस्था करने के दिये कड़े निर्देश'

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहांपुर : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलाखागार एवं न्यायिक अभिलेखागार का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाए देखीं। राजस्व अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत लोगो के मौजूद होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये अभिलेखागार के प्रभारी को फटकार लगाई तथा जवाब तलब करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन के लिये आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाये तथा जनता को आवश्कतानुसार अभिलेख समय से उपलब्ध करायें जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेख प्राप्त करने हेतु जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये। अभिलेखागार में रखे सभी अभिलेखो की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रभारी अभिलेखागार की है, महत्वपूर्ण अभिलेखो की सुरक्षा में किसी भी



प्रकार की चूक बर्दाश्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि अभिलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन करने वालों की सूची तैयार कराते हुये क्रमवार अभिलेख उपलब्ध कराये जायें। न्यायिक अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रखे गये अभिलेखों के रख–रखाव के सम्बन्ध में जानकारी ली। अभिलेखागार में अग्निशमन के प्रबन्धों को दुरूस्त किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये।

# जिला पूर्ति कार्यालय के निरीक्षण में मिली कमियों को दूर करने का दिया निर्देश

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहांपुर : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने कार्यालय मे सफाई व्यवस्था , अभिलेखों का रखरखाव तथा कार्मिकों की उपस्थित का विवरण देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभिलेखों को व्यवस्थित रूप से रखा जाये तथा अलमारियों में रखे गये अभिलेखों की सूची भी चस्पा की जाये। जिलाधिकारी ने पुरानी अलमारियों की पेन्टिंग करवाये जाने का निर्देश दिया। कार्यालय में अग्निशमन हेतु उचित प्रबन्ध न होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि अग्निशमन हेतु मानको के अनुसार प्रबन्ध सुनिश्चित करते हुये 03 दिनों के भीतर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायी जाये। निष्प्रयोज्य सामग्री , पुराने रिकार्ड को वीड आउट कराये जाने हेतु शासनादेश के प्राविधानों के अनुसार समिति गठित करते हुये अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कार्यालय में आने



वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा किये जा रहे राशन वितरण कार्यो के सम्बन्ध में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि पात्र कार्ड धारको को निर्धारित मात्रा में समय से राशन वितरण किया जाये। तथा किसी भी प्रकार की घटतौली की शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुये कड़ी कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के दौरान जिलापूर्ति अधिकारी ओम हरी उपाध्याय उपस्थित रहे।

# अपात्रों को आवास आवंटित करने के मामले में आरोपी ग्राम सचिव के खिलाफ दी गई तहरीर

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : अपात्रो को प्रधानमंत्री आवास देने की आरोपित ग्राम पंचायत सचिव पर खंड विकास अधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी आई एस बी नागेंद्र देव पाण्डेय को शाहपुर थाने में अभियोग पंजीकृत कराने हेतु तहरीर देने का निर्देश दिया गया था मंगलवार दोपहर बाद तक नागेंद्र देव पाण्डेय ने अपने आपको कोवीड पॉजिटिव होने के वजह से तहरीर न दिए जाने कि जानकारी दी जब कि खंड विकास अधिकारी विकास खंड चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह ने शाहपुर थाने में तहरीर दिए जाने कि आधिकारिक पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक चरगांवा विकास खंड के जिला अधिकारी आदर्श गांव जंगल धूसड़ की ग्राम सचिव रही प्रियंका नायक पर पांच अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास दिए जाने की शिकायत पर परियोजना निदेशक ने ग्राम सचिव पर लगे आरोपों की जांच कराई थी आरोपी की पुष्टि होने पर परियोजना निदेशक अनिल सिंह ने ग्राम सचिव प्रियंका नायक से स्पष्टीकरण मांगा था ग्राम सचिव द्वारा स्पष्टीकरण न दिए जाने पर परियोजना निदेशक ने खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह को शाहपुर थाने में ग्राम सचिव प्रियंका नायक विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने हेतु निर्देश दिया जिस पर अमल करते हुए खंड विकास अधिकारी द्वारा सहायक विकास अधिकारी आई एस बी नागेंद्र देव पाण्डेय को तहरीर देने के लिए निर्देशित किया गया था मंगलवार को दोपहर बाद जब तहरीर दिए जाने के बाबत जानकारी हेतु जब सहायक विकास अधिकारी नागेंद्र देव पाण्डेय से वार्ता किया गया तब उन्होंने बताया कि बेटे को नामंकन कराने हेतु हरियाणा गए थे वापस आने पर कोरोना टेस्ट कराने पर मैं कोविड पॉजिटिव होने के वजह से अवकाश पर हूं मेरे द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। जब कि खंड विकास चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह ने आरोपी ग्राम सचिव प्रियंका नायक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने हेतु शाहपुर थाने में तहरीर दिए जाने की आधिकारिक रूप से पुष्टि की है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत मंदिर परिसर में झाडू लगाकर लोगों को किया जागरूक

पत्रकार–जनार्दन श्रीवास्तव हरदोई, : पाली सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नगर के सुप्रसिद्ध प्राचीन भूतनाथ मंदिर परिसर पर मंगलवार को भाजपा





महिला मोर्चा की जिला महामंत्री स्वेता अग्निहोत्री, जिला मंत्री रचना मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मंजू गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष गीता गुप्ता आदि पदाधिकारियों ने पहुंचकर एक साथ मिलकर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत झाड़ू लगाकर सफाई की और बाद में पूरे मंदिर परिसर की पानी से धुलाई कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। आपको बता दें कि भाजपा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने मंदिर पर पहुंच कर झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री महिला मोर्चा स्वेता अग्निहोत्री ने कहा कि हम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए ।यदि हम अपने आसपास और अपने परिवार के प्रति साफ सफाई निरंतर जारी रखते हैं तो हम बीमार नहीं होंगे। स्वास्थ्य ही धन है ।इसलिए हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सतर्क रहना चाहिए। दूसरी तरफ बढ़ रही प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक होना चाहिये ।वर्तमान समय में स्वच्छता हम सबके लिए एक बड़ी चुनौती है। भाजपा युवा मोर्चा की जिला मंत्री रचना मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा है,इसे अपनाकर अपने एवं समाज के लोगों के जीवन को विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सकता है। भाजपा महिला युवा मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मंजू गुप्ता ने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि साफ सफाई रखने से बीमारियों से बचा जा सकता है ।सभी नागरिकों को अपने घर और आसपास सफाई रखना चाहिए ।इस अवसर पर कई अन्य महिलाओं ने साफ सफाई कार्य में योगदान दिया।

# खर्राटा भर विकास भवन की सुरक्षा कर रहा जवान

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : यह तस्वीर विकास भवन के मुख्य गेट पर बनी केबिन का है। यहां पर रात में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती विकास भवन की रखवाली के लिए की जाती है। तस्वीर देखकर अंदाजा



लगाया जा सकता है कि यह जवान अपनी ड्यूटी पर कितनी ईमानदारी से मुस्तैद नजर आ रहा है। जमीन पर बिस्तर लगा इस कदर खर्राटा भर रहे हैं कि मानों अपने घर पर हैं। बताया जाता है कि ड्यूटी पर सो रहे महाशय नगर कंपनी के होमगार्ड हैं, इनकी ड्यूटी विकास भवन की रखवाली के लिए रात में लगती है।

# अतीक के गुर्गे का अपार्टमेंट ध्वस्त करने पहुंचा बुलडोजर

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार से अवैध निर्माण के खिलाफ ताबड़तोड़, सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई के तहत सीतापुर रोड स्थित खदरा में एलडीए टीम



प्रयागराज के माफिया अतीक अहमद के खास गुर्गे का अवैध रूप से बनाए गए अपार्टमेंट को ध्वस्त करने पहुंची मगर विरोध के चलते कार्रवाई रुक गई। दोपहर 1:30 बजे तक एलडीए ने 25 से अधिक अवैध निर्माण को सील करने की कार्रवाई को पूरा किया। इसमें सबसे ज्यादा गोमतीनगर एवं गोमतीनगर विस्तार और शहीद पथ के किनारे आवासीय भूखंड पर बन रहे व्यावसायिक निर्माण शामिल हैं। गोमती नगर में सीलिंग की कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माण कर रहे कारीगरों एवं मजदूरों में भगदड़ मच गई। एलडीए अधिकारियों के मुताबिक अतीक के खास गुर्गे वली बदर ने अवैध रूप से अपार्टमेंट एवं उसी में व्यावसायिक कार्यालय का भी निर्माण किया है। पुलिस सुरक्षा के बीच व्यावसायिक कार्यालय को तोड़ा जाएगा।

# विधायक राजेश्वर सिंह के आतिथ्य में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी कार्यशाला एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सरोजनी नगर राजेश्वर सिंह जी तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना हुआ दीप प्रज्वलन के साथ खंड शिक्षा अधिकारी सरोजनी नगर रुद्र प्रताप यादव की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रुद्र प्रताप यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य ,आवश्यकता तथा डीबीटी के माध्यम से सीधे सुविधा हस्तांतरण, निपुण भारत, मिशन ऑपरेशन कायाकल्प की जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एसएमसी अध्यक्षों व जन समुदाय के व्यापक सहयोग की आवश्यकता व महत्व के बारे में सभी को बताया। ए आर पी संध्या द्विवेदी ने डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के अभिभावकों के खाते में भेजी जा रही 1200 की धनराशि जिसमें दो सेट यूनिफॉर्म ,स्वेटर ,जूता मोजा ,स्कूल बैग स्टेशनरी का क्रय किया जाना है की उपयोगिता के बारे में तथा सही उपयोग के बारे में उपस्थित अभिभावकों व जनप्रतिनिधियों को बताया। एआर पी उदय प्रताप सिंह द्वारा विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में चिन्हित उन्नीस मूलभूत सुविधाओं के संस्कृतिकरण, क्रियाशीलता उच्चरण हेतु ऑपरेशन कायाकल्प विषय पर वीडियो के माध्यम से व्यापक जानकारी देते हुए विभिन्न ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया। एआर पी शुचिता त्रिपाठी द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण हेतु निपुण लक्षो तथा उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न शैक्षिक सामग्री के बारे में बताया। ब्लाक प्रमुख सरोजनी नगर सुनील रावत ने विद्यालयों में सकारात्मक स्थिति की चर्चा करते हुए सभी प्रधानाध्यापकों की प्रशंसा की तथा विद्यालयों में कायाकल्प के माध्यम से किए गए कार्यों की सराहना की। जिन विद्यालयों में कार्य नहीं किए गए हैं वहां के प्रधानों से आग्रह किया कि शीघ्र ही कायाकल्प के मापदंडों के तहत विद्यालय में काम कराया जाए ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा हो। मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय विधायक राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित हो रही विभिन्न शैक्षणिक योजनाएं, डीबीटी के माध्यम से आवंटित धनराशि के सत प्रतिशत प्रेषण व उसके समग्र उपयोग, नई शिक्षा नीति तथा निपुण भारत मिशन के बारे में बताया। ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों को शैक्षिक अधिगम का उत्कृष्ट संस्थान बनाए जाने के प्रति सभी के





सक्रिय प्रयासों की सराहना की तथा जिन विद्यालयों में अवसंरचना निर्माण की सामग्रियां उपलब्ध नहीं हैं उन्हें विभिन्न माध्यमों, व ग्राम प्रधानों के द्वारा से शीघ्र पूरा किए जाने का आश्वासन दिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्यालय प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि सरकार की योजनाओं का पूर्ण रूप से क्रियान्वयन कराने हेतु जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं और शीघ्र ही सभी पैरामीटर्स को पूर्ण हो जाएंगे। उन्होने कहा कि ब्लॉक ही नहीं प्रदेश में सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वह बेटियों की शिक्षा में पूरी तरह ध्यान दें उन्हें घर के कामों में नव जाकर प्रतिदिन विद्यालय भेजें तथा उन्हें आज के समय के अनुसार डिजिटल शिक्षा अवश्य प्रदान करें। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि के तौर पर शिक्षकों की बात रखते हुए सर्वजन हिताय संरक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तथा प्रधानाध्यापक की सकारात्मक मंशा से ही पूरे ब्लॉक को जल्द ही निपुण ब्लॉक बनाते हुए लखनऊ को निपुण जिला बनाने में सभी का साथ और सहयोग इसी तरह मिलता रहा तो शीघ्र ही संभव हो सकेगा। सरकार द्वारा बहुत बड़ी मात्रा में कायाकल्प के माध्यम से विद्यालयों में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने हेतु धनराशि दी जा रही है यदि इसका सही उपयोग किया जाए तो निश्चित रूप से वह दिन दूर नहीं जब सरकारी विद्यालयों में सुविधाएं और गुणवत्ता के मामले में उच्च कोटि दृष्टिगत होगी। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत कौशल किशोर , सीडीओ सरोजनी नगर तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश चंद तिवारी तथा कंचन पाठक द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रधान अध्यापक व प्रधानों द्वारा सुचारू रूप से होता रहे यह संदेश दिया गया।

# वाराणसी के संतोष ने दिल्ली के राणा पहलवान को चटाई धूल : कुकडीपुर में आयोजित हुआ प्रसिद्ध दंगल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा के कुकडीपुर का दंगल प्रतियोगिता मे वाराणसी सारनाथ के संतोष पहलवान ने दिल्ली के राणा पहलवान को चित कर धूल चटा दी। आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में कुल 155 जोड़ी पहलवानों ने जोर अजमाइश करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कुश्ती प्रतियोगिता में भारी भीड़ जमी रहे। जिसे बारिश की फुहारों ने भी नहीं तोड़ पाई । शिव मंदिर परिसर के मैदान में कुश्ती का उद्‌घघाटन सपा के वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले व विवेक यादव ने पहलवानों का हाथ मिला कर किया। जिसमें 155 जोड़ी पहलवान सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें मिर्जापुर के संदीप पहलवान ने वाराणसी के आशीष कुमार को पटखनी दी। शीतला चौकिया जौनपुर के धर्मेंद्र ने सुल्तानपुर के पप्पू पहलवान को चारों खाने चित किया। बनारस के भरत कुमार ने कैमूर बिहार के दिलावर पहलवान को धूल चटा दी। जौनपुर के निगम पहलवान ने मेरठ के राहुल कुमार को आसमान दिखाया । बनारस के सुनील कुमार ने मिर्जापुर के योगेंद्र पहलवान को चित किया। जौनपुर चौकिया के किशन कुमार ने बनारस के रामेश्वर को जमीन सुधा दी। भदोही स्टेडियम के मोनू मुंशी व सुनील पहलवान जौनपुर केराकत की जोड़ी रोमांचक रही, जिसमें



सुनील ने कडे मुकाबले में मोनू को चित किया। रामपुर जौनपुर के अमरदेव सिंह ने गाजीपुर के ननकू यादव को पटखनी दी । गढ़वारेवीर जौनपुर के नीरज पहलवान ने मुलायम यादव पहलवान को चित किया। विजेता उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार वितरण समाजसेवी सुभाषचंद्र यादव ने किया। रेफरी गंगा व तेजबहादुर पहलवान व निर्णायक महादेव सिंह रहे। संचालन सुभाष चंद्र पहलवान व रामभरत ने किया । इस मौके पर डॉ जितेंद्र कुमार यादव ,गजराज, तेजमणि, सियाराम, बांकेलाल यादव ,राजेश यादव,अशोक कुमार, आशीष कुमार, डीपी प्रजापति, राजेंद्र सिंह ,पंडित रमेश शुक्ला ,रामानंद, सुदर्शन कुमार, दीपक सिंह मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में तेंदुए की मौत : आपसी संघर्ष में मौत की आशंका : गले पर मिले चोट के निशान

बहराइच ब्यूरो : कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा वन रेंज अंतर्गत एक तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तेंदुए के गले पर चोट के निशान पाए गए हैं। संभावना जताई जा रही हैं कि आपसी संघर्ष में तेंदुए की मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के महबूबनगर जंगल से सटे एक ग्रामीण के खेत में मंगलवार सुबह एक तेंदुए का शव मिला। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना वन विभाग को दी गई। वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी कार्रवाई करने के बाद वन टीम शव को उठाकर रेंज कार्यालय ले आई। वन क्षेत्राधिकारी राम कुमार ने बताया कि मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत हसुलिया का मजरा महबूबनगर भरिया जंगल के किनारे स्थित है। जंगल के समीप ही ग्राम बिचपरी निवासी वीरेंद्र वर्मा का खेत स्थित है। वीरेंद्र वर्मा के खाली खेत में ही मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तेंदुए का शव देखा गया। पग चिन्हों के आधार पर लगता है कि वहां अक्सर तेंदुओं का मूवमेंट रहता है। पगचिन्हों के आधार पर वहां दो तेंदुओं का मूवमेंट मालूम पड़ता है। तेंदुए के शव को रेंज कार्यालय लाया गया। तेंदुए की उम्र लगभग डेढ़ वर्ष के आसपास है। उच्चाधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में मिहींपुरवा पशु चिकित्सक डा. विनोद भार्गव, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में तैनात डा. दयाशंकर तथा डब्ल्यूटीआई के पशु चिकित्सक डॉ. खनिन द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा। पोस्टमार्टम के बाद ही तेंदुए के उम्र तथा मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा । प्रभागीय वन अधिकारी आकाशदीप बदावन ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है । लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। वन टीम क्षेत्र की निगरानी कर रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल अनुश्रवण मूल्यांकन व समीक्षा बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।इस बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों (ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम) में स्थायी/अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन व प्रबन्धन के अनुश्रवणार्थ जनपद/विकासखण्ड/तहसील स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन गौवंश आश्रय स्थलों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने, तहसील स्तर पर कैटल कैंचर क्रय कराने तथा गौ आश्रय स्थलों में कार्य कर रहे श्रमिकों का भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त गौआश्रय स्थलों में अथवा आसपास चिन्हित भूमि पर हरा चारा की बुआई (नैपियर घास) लगाये।जिससे गौवंशों को पर्याप्त हरा चारा और सुगमता से प्राप्त हो सकें। चारागाह के भूमि की फैन्सिंग राज्य वित्त या मनरेगा से कराया जाय तथा सहभागिता योजनान्तर्गत गौवंशों की नियमानुसार सुपुर्दगी कराये।सभी गौवंशों के टैगिंग का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में



सुपुर्दगी का सत्यापन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्थायी/स्थायी गौ आश्रय स्थल में धारण क्षमता बढ़ाने हेतु अतिरिक्त शेड बनवाने के निर्देश दिये तथा सभी आश्रय स्थलों में गौवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करते हुये बेहतर चिकित्सा प्रदान की जायें। इस मौके पर बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, सभी उपजिलाधिकारी सहित सम्बंधित विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना कैंट व अयोध्या संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान जबरन धर्म परिवर्तन कराने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार : एसएसपी प्रशांत वर्मा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंगलवार को सुबह डेढ़ बजे थाना कैंट पुलिस व थाना अयोध्या कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गिरफ्त से जबरन धर्म परिवर्तन कराने वाला ईनामी वांछित आरोपी गिरफतार करने में सफलता हासिल किया। इस संबंध मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या प्रशांत भूषण ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी अयोध्या राजेश तिवारी के कुशल मार्गदर्शन मे थानाध्यक्ष प्रभारी थाना कैंट रतन कुमार शर्मा व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या अश्विनी कुमार पाण्डेय ने जनपद मे जबरन धर्म परिवर्तन कराने व लूट तथा धर्म परिवर्तन न करने पर जान से मारने की धमकी देने वाला दस हजार रूपये का इनामिया आरोपी को पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि मंगलवार को डेढ़ बजे सुबह मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि टीले वाली मस्जिद के पास मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध हालात में दिखाई दे रहे हैं।जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए वहां से थाना कैंट व कोतवाली अयोध्या की संयुक्त पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को चेकिंग के दौरान रोकने का प्रयास किया तो अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए जमथरा से बाटी वाले बाबा की तरफ बंधा मार्ग से भागने लगे।जिसके चलते पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करके ग्राम मांझा जमथरा स्थित धीरज यादव बाबा स्थान पर रोकने का प्रयास किया गया।अभियुक्त द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर करने लगे। इस दौरान अभियुक्त द्वारा की गई दो राउंड फायर थाना कैंट के वाहन संख्या यूपी–42 ए जी 0725 पर लगी जिससे पुलिस टीम बाल बाल बची । जान से मारने की नियत से लगातार फायर कर रहे अभियुक्त को पुलिस टीम



द्वारा घेराबंदी करते हुए आत्मसमर्पण हेतु कहा गया लेकिन अभियुक्त लगातार जान से मारने की नीयत से फायर करता रहा।वही पुलिस मुठभेड़ में वांछित अभियुक्त निसार उर्फ राजू पुत्र गुलाम रसूल निवासी सहनवा थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हुआ। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि अभियुक्त के पास से पुलिस ने एक 32 बोर अवैध पिस्टल,तीन खोखा कारतूस व तीन 32 बोर जिन्दा कारतूस,एक 315 बोर अवैध तमंचा,दो खोखा कारतूस व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर,एक बिना नम्बर की मोटर साइकिल पैशन प्रो(बारंग काली) व 5500 रूपये नगद कोतवाली अयोध्या से सम्बन्धित बरामद किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी काध्आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस के मुताबिक उस पर 324/2022 307 भादिवि, कैण्ट जनपद अयोध्या, 325/2022 3/25 आर्म्स एक्ट कैण्ट जनपद अयोध्या, के साथ साथ अन्य अपराध में शामिल हैं। इस इनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट जनपद अयोध्या,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या अश्वनी पाण्डेय,उप निरीक्षक शिवानन्द यादव थाना कैण्ट जनपद अयोध्या,उप निरीक्षक स्वतंत्र मौर्या थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या,उप निरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी थाना कैण्ट जनपद अयोध्या शामिल रहे।

## ओ टी एस योजना के तहत बकाया धनराशि पर 30 सितम्बर तक छूट

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 सहकारिता ग्राम विकास बैंक लि0 एवं जिला सहकारी बैंक लि0 द्वारा कृषक हित में एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत 30 सितम्बर, 2022 तक बकाया ऋण की अदायगी पर कृषकों को भारी छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि बकाया ऋण वह धनराशि है, जो कि कृषकों द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किन्हीं कारणों से जमा न कर पानें की दशा में अदेय हो जाती है। सम्बन्धित बकायेदार कृषक अपनी–अपनी बैंक शाखा एवं कादीपुर, उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 एवं सहकारी समिति के बकायेदार कृषक अपनी–अपनी जिला सहकारी बैंक शाखा व समिति पर सम्पर्क कर, 30 सितम्बर, 2022 तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

## ट्यूबेल के घर में किशोर का शव मिलने से फैली सनसनी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : ई–रिक्शा चलाकर जीवन यापन करता था किशोर।किशोर की हत्या कर शव को ट्यूबवेल के घर में किया बंद।खेत में ई–रिक्शा छोड़कर हत्यारे हुए फरार। सुबह शव देख



ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कर रही जांच पड़ताल। महेशुआ निवासी बताया जा रहा किशोर। कोतवाली देहात क्षेत्र के रुदौली गांव की घटना। कोतवाल शिवाकांत तिवारी बोले,की जा रही मामले की जांच पड़ताल। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं।

## पचास लाख से अधिक लागत की सड़क निर्माण परियोजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक मंडलायुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की सड़क निर्माण परियोजनाओं की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में मण्डलायुक्त ने मण्डल की निर्माणाधीन 337 सड़क परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की।इस मौके पर मण्डलायुक्त ने कहा कि मण्डल के सभी जनपद में 50 लाख से अधिक लागत की सड़क निर्माण परियोजनाओं की नियमित बैठक करायेंध वही इसके साथ साथ बैठक का एजेंडा कार्यालय को प्रस्तुत करें। इस दौरान अम्बेडकरनगर जिले के निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करते हुये मण्डलायुक्त ने अयोध्या–बसखारी मार्ग के निर्माण में अवैधा अतिक्रमण अभी तक न हटाये जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुये तत्काल हटवाने के निर्देश दिये।वही इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि जो भी समस्यायें आ रही है उनके सम्बंध में सम्बंधित जिलाधिकारी या मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्बंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुये कार्य को तीव्र गति से कर समय से पूर्ण करायें। इस मौके



पर उन्होंने कहा कि बसखारी बाईपास जिसका निर्माण कार्य 28 जुलाई 2022 तक पूर्ण होना था अभी तक नही हुआ इसके विलम्ब की जांच करायी जाय तथा इसमें जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुये रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी सड़के तय समय में नही बन पायी है उनमें हुये विलम्ब का कारण स्पष्ट किया जाय। वही इसी कड़ी में मण्डलायुक्त ने बैठक में पी0एम0जे0एस0वाई0 अधिशाषी अभियन्ता अमेठी व आर0ई0डी0 अधिशाषी अभियन्ता अम्बेडकरनगर के अनुपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा कार्यवाही के निर्देश दिये।इस बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या तथा सम्बंधित कार्यदायी विभागों के अधिशाषी अभियन्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या बसखारी फोरलेन सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य नगर देवकाली क्षेत्र में शुरु होने से स्थानीय लोगों में दिखी निराशा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बहुप्रतीक्षित कोतवाली नगर क्षेत्र में भी अयोध्या से अम्बेडकर नगर होते हुए बसखारी तक जाने वाली फोरलेन सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया। मालूम हो कि सोमवार को पचास लाख से अधिक लागत वाले सड़कों के मंडलीय समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या नवदीप रिणवा ने अयोध्या से बसखारी तक फोर लेन सम्पर्क मार्ग में आने वाले अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं करने पर अम्बेडकर नगर के संबंधित अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई थी।जिसका सूत्रों के मुताबिक यह नतीजा निकला कि इससे पहले अगली बैठक में मंडलायुक्त अयोध्या मंडल अयोध्या के कोप भाजन का शिकार अयोध्या जिले के संबंधित अधिकारियों को होना पड़े कि इसके पहले आज मंगलवार से कोतवाली नगर क्षेत्र में भी इस फोरलेन मार्ग का निर्माण कार्य शुरू हो गया।कोतवाली नगर क्षेत्र के देवकाली तिराहा के समीप आज सुबह से ही जेसीबी व फोर लेन मार्ग को बनाने वाले वाहन से संबंधित विभाग के कर्मी जुटे रहे।अयोध्या बसखारी सम्पर्क मार्ग के निर्माण को लेकर जहां एक ओर निमार्ण कार्य तेजी से चलने लगा है वहीं इसी कड़ी में इस मार्ग पर आस पास रहने वाले लोगों व वहां पर अतिक्रमणकारियों के चेहरे पर निराशा के साथ साथ वहां पर मौजूद कर्मियों के खिलाफ आक्रोश भी साफ साफ दिखाई दे रहा था। वही इस जगह पर ठेले खोमचे वाले लोगों के चेहरों



पर निराशा साफ साफ दिखाई दे रही थी।वहा पर मौजूद इससे संबंधित कर्मी ने बताया कि अब अयोध्या से बसखारी फोरलेन सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य में काफी तेजी आयेगी।जिसके चलते अगर देखा जाए तो इस फोर लेन के निर्माण कार्य के चलते अब शीघ्र ही रीडगंज चौराहा, देवकाली क्षेत्र, दर्शन नगर सहित अन्य प्रमुख बाजारों में कई वर्षों से कब्जा जमाये अतिक्रमणकारियों व वहां पर दुकानदारों व गृह स्वामी को होगी।कुल मिलाकर मंगलवार को देवकाली क्षेत्र में फोरलेन सम्पर्क मार्ग को लेकर हो रहे निर्माण कार्य में देवकाली तिराहा से लेकर देवकाली बाईपास तक सड़क के दोनों ओर रह रहे दुकानदारों, स्मार्ट बाजार, मकान मालिकों,ठेलो खोमचे वाले लोगों के दिलो की धड़कन बढ़ गई है। बातचीत में उन्होंने सरकार व विभाग के कर्मियों को कोसते हुए कहा कि यह सरकार हम लोगों को बेघर करने पर तुली है।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर चला महिला मिशन शक्ति अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आखिरकार दैनिक स्वतंत्र चेतना समाचार पत्र में मंगलवार को जिसका शीर्षक ''वर्तमान समय जिले में सफेद हांथी साबित हो रहा महिला मिशन शक्ति अभियान'' प्रकाशित होने पर ज़िले में एक बार फिर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर प्रतिदिन जनपद के सभी थाना




क्षेत्रों में "मिशन शक्ति" अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन, महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अयोध्या पुलिस द्वारा बालिकाओं/छात्राओं को 1090–वीमेन पावर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा आदि के बारे महिला पुलिस द्वारा वहां पर मौजूद महिलाओं, बालिकाओं को पंपलेट आदि के माध्यम से घर घर जाकर व सभा के माध्यम से जागरूक किया। वही इसी कड़ी महिला पुलिस कर्मियों द्वारा इन थाना क्षेत्रों में स्थित स्कूल कोचिंग व कालेजों में वहां पर मौजूद छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वही इसी कड़ी में इन महिला पुलिस कर्मियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर जिले में स्थित लड़कियों के कालेजों व सार्वजनिक पार्कों व चौराहे पर एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया गया।

## एडीजी लखनऊ जोन लखनऊ द्वारा किये गये पुलिस लाइन परिसर में निरीक्षण के दौरान मिली खामियों को दूर करने का दिया निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन लखनऊ बृज भूषण शर्मा सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन अयोध्या का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उनको काफी कमियां मिली।जिसे शीघ्र से शीघ्र सुधारने के लिये इससे संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ बृज भूषण शर्मा अपने निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन स्थित सभागार में समस्त राजपत्रित अधिकारी व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ अपराध समीक्षा बैठक किया।इस मौके पर उन्होंने वहां पर मौजूद सभी अधिकारियों व निरीक्षक/प्रभारी थानाध्यक्ष को दिशा निर्देश दिया कि आगामी मेला/त्यौहारों को लेकर काफी सतर्कता बरती जाए। क्योंकि अयोध्या जिला एक अति संवेदनशील जिला है।अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन लखनऊ बृज भूषण शर्मा को सबसे पहले रिजर्व पुलिस लाइन में सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी।उसके तत्पश्चात उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया। वही उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन बिल्डिग,पुलिस बैरकों व जिला पुलिस मेंस में काफी कमी पायी। जिसके चलते उन्होंने इन कमियों को दूर करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। वही




इसी कड़ी में अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन लखनऊ बृज भूषण शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में अपराध सम्बन्धित गोष्ठी में अपराध समीक्षा में महिला सम्बन्धित अपराध, लम्बित विवेचनाएं व अन्य विवेचनाओं को शीघ्र निस्तारण हेतु व आगामी मेला/त्यौहारों के दृष्टिगत सम्बन्धितध अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या रेंज अयोध्या अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अयोध्या प्रशांत वर्मा जनपद व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

## शहर मे जय गणेश शिव सागर महिला महाविद्यालय के सामने जलभराव से छात्राए व आसपास के सभी लोग है परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)शहर के देवकाली क्षेत्र में स्थित जय गणेश शिव सागर महिला महाविद्यालय के सामने हल्की सी बारिश में काफी दिनों तक जलभराव रहता है। जिसके चलते यहां पर पढ़ने आनी जाने वाली छात्राओं के साथ साथ उनके अभिभावकों के अलावा वहां पर कार्य करने वाले शिक्षकों व अन्य कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।वही इस गंभीर समस्या पर महाविद्यालय प्रशासन व नगर निगम अयोध्या के कर्मी के साथ साथ कोई भी जन प्रतिनिधि नहीं ध्यान दें रहे हैं।जिसके चलते इधर से गुजरने वाले छात्राओं के अभिभावकों में महाविद्यालय प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों के साथ साथ वहां के जनप्रतिनिधियों के अलावा पार्षद के प्रति आक्रोश साफ साफ दिखाई देता है।मालूम हो कि जय गणेश शिव सागर महिला महाविद्यालय में कक्षा एक से पांच तक व कक्षा छः से कक्षा बारहवीं तक भी शिक्षण कार्य होता है।इस महाविद्यालय में जाने के लिए सबसे अधिक परेशानी पैदल आने वाले छोटे छोटे बच्चों को होती है।जो इस जलभराव में जाते समय गिरकर चोटिल होते हैं।इनके अलावा यहां बच्चों को बाइक व साइकिल से पहुंचाने वाले उनके अभिभावक भी इस जलभराव का शिकार होते हैं।इसी कड़ी में यहां पर शिक्षण कार्य करने जाने वाली शिक्षिकाओं व शिक्षकों जो पैदल आते जाते हैं उन्हें भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



इस जलभराव से जहां एक ओर इस तरह की गंभीर समस्या इन लोगो को होती है वहीं दूसरी ओर इस जलभराव से यहां आसपास रहने वाले लोगों को संक्रमण की बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। जबकि इस जगह पर इस महाविद्यालय होने के अलावा अस्पताल सहित अन्य प्रमुख संस्थान व कालोनी भी आसपास है। इसके बावजूद इस यहां पर इस तरह की गंभीर समस्या बनी हुई है।

## पीड़ित परिवार से मिले आनंद सेन एवं फिरोज खान गब्बर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह के नेतृत्व में सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ शहर के विभिन्न चौराहों पर पैदल गस्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह ने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ आम जन मानस से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।रविवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह ने सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर शमशेर बहादुर सिंह के साथ कोतवाली नगर क्षेत्र में चौक, रिकाबगंज, फतेहगंज सहित अन्य प्रमुख चौराहों पर पैदल गस्त कर उन्होंने लोगों सुरक्षा के प्रति भरोसा दिलाया। इस मौके पर उन्होंने जनता से संवाद करते हुये कहा कि पुलिस आपके साथ हमेशा खड़ी है।इस मौके पर उन्होंने जनता से अपील



करते हुए कहा कि आगामी दशहरा, गांधी जयंती, दीपावली, दीपोत्सव, सहित कई अन्य पर्व है। जिसमें पुलिस के साथ साथ आप लोगों को चौकन्ना रहना होगा। इस मौके पर उन्होंने पैदल गस्त करते हुये लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी पर्व पर अगर कही आपको कोई वस्तु या व्यक्ति संदिग्धा दिखे तो बिना देरी के आप सभी लोग इसकी सूचना अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर बिना देरी किए दे। जिसके चलते समय रहते बड़ी सी घटना होने से टाला जा सके।

## 21 सितम्बर को होगा रोजगार मेले का आयोजन

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवा योजन कार्यालय, पयागीपुर के तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पयागीपुर सुलतानपुर में 21 सितम्बर, 2022 को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा ऐसे बेरेजगार इच्छुक अभ्यर्थी जो हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आई0टी0आई0 अथवा किसी भी वर्ग से स्नातक उत्तीर्ण हो तथा 18 से 35 वर्ष की आयु के मध्य हो ऐसे अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु विभाग के पोर्टल–www.sewayojan.up.nic.in पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में कोविड–19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए प्रतिभाग कर सकते हैं। इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।